# बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राज0) फैक्स नं :– 0151–2226906, फोन नं :–0151–2226902, 0151–2226905,
Email Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Website :- bikanermc.org

क्रमांक/स्टेशनरी/2018–19/ 651 दिनांकः– 5/9/18

## निविदा सूचना

बीकानेर नगर निगम को निम्नलिखित कार्यो हेतु अनुबन्ध पर कार्य करने के इच्छुक सम्भरणकर्त्ता जो कार्य करने/सामग्री सम्भरण करने के लिए अधिकृत/पंजीकृत हो, से दरें निर्धारित निविदा प्रपत्र में आमंत्रित की जाती हैं। निम्न विवरण में अंकित निविदा ई–टेन्डरिंग के मार्फत प्राप्त की जायेगी। निविदा संवेदक अपनी दर वांछित रिकार्ड के साथ दिनांक 18-09-2018 तक अपलोड करा सकेगा। दिनांक 20.09.2018 को बंद लिफाफें में अपनी अमानत राशि का बंद लिफाफा कार्यालय में प्रस्तुत करेगा। दिनांक 24-09-2018 को निविदादाता द्वारा अपलोड निविदा निगम द्वारा डाउनलोड किया जायेगा। योग्य निविदाओं को ई–टेंडरिंग के मार्फत दिनांक 25-09-2018 को खोली जायेगी।

निविदा के बारे में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्त्ता को सुरक्षित हैं। काट–छांट वाली या अस्पष्ट निविदा अस्वीकृत की जा सकेगी। एक लिफाफे में केवल एक ही निविदा मान्य होगी। इस निविदा को www.sppp.rajasthan.gov.in व www.bikanermc.org पर भी देखा जा सकता है।

| क्र. सं. | विवरण | अनुमानित मात्रा/लागत | निविदा शुल्क | प्रोसेसिंग शुल्क | अमानत राशि | कार्य अवधि | निविदा दर मान्य तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1. | विडियोग्राफी | 7.00 Lakh | 500/- | 500/- | 14000/- | 01.10.2018<br>31.03.2020 | 31.03.2020 |

आयुक्त
बीकानेर नगर निगम

क्रमांक/स्टेशनरी/2018–19/ 652-653 दिनांकः– 5/9/18

**प्रतिलिपि**

1. राजस्थान संवाद, जयपुर को भेजकर लेख है कि राज्य सरकार के नियति अनुसार इसका सक्षम एक क्षेत्रीय दैनिक समाचार पत्र बीकानेर संस्करण में कम से कम स्थान में प्रकाशन कर बिल भुगतान हेतु इस कार्यालय को प्रस्तुत करे।
2. नोटिस बोर्ड, बीकानेर नगर निगम।

आयुक्त
बीकानेर नगर निगम

# बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राज0) फैक्स नं :- 0151-2226906, फोन नं :-0151-2226902, 0151-2226905,
EMAIL ADDRESS :- nagarnigambikaner@gmail.com, Website :- bikanermc.org

## निविदा प्रारूप

1. निविदा क्रमांक / स्टेशनरी / 2018-19 / प्राप्ति दिनांक
2. निविदा सूचना क्रमांक .......................... दिनांक ..........................................
3. कार्य का नाम : – **डिजिटल विडियोग्राफी।**
4. फर्म का नाम :– ..........................................................................................................
5. निविदा शुल्क रसीद क्रमांक दिनांक रकम 500 रु
6. अमानत राशि रसीद क्रमांक दिनांक रकम 14000 रु
7. प्रोसेसिंग शुल्क डिमाण्ड ड्राफ्ट दिनांक रकम 500 रू.
8. अनुबन्ध कार्य निविदा सूचना में वर्णित अवधि में पूर्ण करनी होगी।
9. अंकित दरें निविदा सूचना में अंकित दिनांक तक मान्य है पारस्परिक समझौते द्वारा समय अवधि बढ़ाई जा सकती है।
10. पेन कार्ड / जी.एस.टी. नम्बर की प्रमाणित प्रतिलिपि संलग्न करे।
11. विक्रय कर / सेवाकर बकाया नहीं होने का प्रमाण-प्रत्र संलग्न हैं।
12. अनुबन्ध कार्य नगर निगम बीकानेर की सीमा में आदेशित स्थान पर करनी होगी।
13. दरों में सभी व्यय व कर सम्मिलित है।
14. शर्त सहित निविदा अस्वीकृत की जा सकेगी शर्त मान्य नहीं होगी।
15 फोटोग्राफी ऐसोसियेशन से पंजीकृत होना अनिवार्य होगा

**आयुक्त**
**बीकानेर नगर निगम**

| विवरण | | | |
|---|---|---|---|
| क्र.स | कार्य का विवरण | मात्रा | दर |
| 1. | **निर्देशित स्थान पर डिजिटल कैमरे से विडियोग्राफी का कार्य** | आवश्यकतानुसार | .......................... प्रति दिन<br>.......................... प्रति घंटा |

उक्त सभी विवरण तथा संलग्न प्रारूप की शर्तो को पढ़कर समझकर उपरोक्त विवरण व दर के अनुसार अनुबन्ध पर कार्य करने हेतु अपने आपको पाबन्द करता हूँ ।

हस्ताक्षर निविदादाता

हमारे द्वारा खोला गया

स्टेशनरी प्रभारी　　लेखाकार　　मुख्य लेखाधिकारी　　उपायुक्त

# बीकानेर नगर निगम

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राज0) फैक्स नं :– 0151–2226906, फोन नं :–0151–2226902, 0151–2226905,
EMAIL ADDRESS :- nagarnigambikaner@gmail.com, Website :- bikanermc.org


## बीकानेर नगर निगम द्वारा विभिन्न आयोजनों पर डिजीटल विडियोग्राफी का कार्य 01.10.2018 से 31.03.2020 (2018–20)

1. जिस निविदादाता की निविदा स्वीकृत होगी उसे निविदा स्वीकृत होने से 07 दिवस में लिखित में अनुबंध करना होगा।
2. निविदा के साथ निविदादाता को बतौर अमानत राशि 14000/–रूपये का बैंक ड्राफ्ट (आयुक्त, बीकानेर नगर निगम क नाम के पक्ष) निविदा के साथ संलग्न करना होगा। बिना अमानत राशि की निविदा को न तो स्वीकार किया जावेगा और न ही उस पर कोई विचार किया जावेगा।
3. निविदादाता को राजकीय/राष्ट्रीय समारोह में विडियोग्राफी के कार्य का अनुभव होना आवश्यक हैं। इस आश्य का प्रमाण पत्र संबंधित विभागों से प्राप्त करते हुए निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।
4. निविदादाता को बीकानेर नगर निगम के महापौर/आयुक्त द्वारा अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी द्वारा बताये गये कार्य को निर्धारित समय में पूर्ण करना होगा।
5. निविदादाता को बीकानेर नगर निगम के महापौर/आयुक्त द्वारा अथवा उनके द्वारा अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी द्वारा कार्य का प्रमाणिकरण करवाकर बिल भुगतान हेतु प्रस्तुत करना होगा।
6. निविदादाता को कार्य के बिलों का भुगतान कार्य पूर्ण होने के बाद चैक द्वारा किया जावेगा।
7. निविदादाता अगर समयावधि से पूर्व बीच में कार्य छोडता है अथवा कार्य सन्तोषप्रद न होने पर कार्य निरस्त करने की स्थिति में उसकी रिस्क एण्ड कोस्ट पर अन्यत्र से कार्य करवा लिया जावेगा, जिसकी जिम्मेदारी उसकी होगी। विधि संबंधित विवाद के सक्षम न्यायालय के क्षेत्राधिकार बीकानेर होगा।
8. करार को पूर्ण किये जाने तथा स्टाम्पिंग किये जाने का व्यय निविदादाता द्वारा संदत्त किया जायेगा और निगम को करार कर समयक रूप से निष्पादित स्टाम्पिंग प्रतिलेख निःशुल्क प्रस्तुत किया जावेगा।
9. यदि निविदादाता कोई ऐसी शर्त अधिरोपित करता है जो वर्णित शर्तो के अतिरिक्त है या उसके प्रतिकूल हो तो उसकी निविदा अस्वीकार्य होगी।
10. राज्य सरकार, राजकीय विभागों, अर्द्धसरकारी संस्थाओं आदि के द्वारा दण्डित/ब्लैक लिस्टेड व्यवसाई, फर्म, संस्था, संगठन, व्यक्ति द्वारा निविदा प्रक्रिया में भाग नही लिया जा सकेगा।
11. विडियोग्राफी का कार्य डिजिटल कैमरे से करना होगा।
12. विडियो सी.डी./डी.वी.डी. निर्धारित मानको के अनुरूप ही तैयार कर देने होगें। जिसका कोई अतिरिक्त भुगतान देय नही होगा।
13. सभी सी.डी./डी.वी.डी सुरक्षित कवर में उपलब्ध करवानी होगी।

14. अनुबन्ध को आपसी सहमति के आधार पर आरटीपीपी नियमानुसार बढाया जा सकेगा।

15. निविदादाता के पास सम्बन्धित कार्य का किसी भी सरकारी कार्यालय से प्राप्त कार्य–अनुभव प्रमाण–पत्र होना आवश्यक हैं।

16. सफल निविदादाता को अनुमानित राशि का 5: धरोहर राशि जमा करानी होगी।

17. प्रतिदिन में दिन का तात्पर्य रात 12 बजे शुरू होकर अगली रात 12 बजे तक है।

18. जीएसटी का भुगतान फर्म द्वारा किया जावेगा। निविदा के साथ जीएसटी नम्बर की प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करें।

19. प्रोसेंसिंग फीस का डी.डी/बैंकर्स चैक महाप्रबंधक आरआईएसएल, जयपुर के नाम होना चाहिए तथा बिड सिक्योरिटी, टेंडर फीस का ड्राफ्ट/बैंकर्स चैंक आयुक्त नगर निगम, बीकानेर के नाम का होगा।

20. निविदा ऑनलाईन भरी जायेगी। निविदा भरने हेतु निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग फीस, धरोहर राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट अथवा बैंकर्स चैक द्वारा स्वीकार होगी। निविदादाता को धरोहर राशि नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट जो संबंधित निविदादाताओं द्वारा आयुक्त, नगर निगम, बीकानेर के नाम हो प्रस्तुत करनी होगी। दिनांक को निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क तथा धरोहर राशि की निर्धारित राशि RTGS के माध्यम से भी यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, नगर निगम शाखा, बीकानेर के खाता संख्या 531101010032195, IFSC कोड UBIN0553115 में भी जमा करवायी जा सकती है। RTGS की प्राप्ति रसीद को www.eproc.rajasthan.gov.in पर अपलोड करना अनिवार्य होगा।

21 फोटोग्राफी ऐसोसियेशन से पंजीकृत होना अनिवार्य होगा एवं वी.आई.पी. विजिट का कम से कम पांच वर्ष का अनुभग अपेक्षित इस आशय का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।

**निविदादाता के हस्ताक्षर**

**मुख्य लेखाधिकारी**
**बीकानेर नगर निगम**

**आयुक्त**
**बीकानेर नगर निगम**